26वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 360 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 21 दिसंबर, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज : 20

## स्वर्ग जमीन पर

आज बहुत बड़ा दिन है। आज ही के दिन 21 दिसंबर 1998 को नोएडा शहर की धरती पर चेतना मंच का जन्म (विमोचन) हुआ था। आज चेतना मंच ने 26 वर्ष की आयु पूरी कर ली है। यह भी कहा जा सकता है कि नोएडा की धरती पर पैदा हुआ चेतना मंच अब 26 वर्ष का जवान हो गया है। अब तक चेतना मंच के बचपन को लाखों पाठकों ने पूरे लाड-प्यार से पाला है। अब चेतना मंच की जवानी से यह आशा करनी ही चाहिए कि यदि कहीं पर स्वर्ग है तो उसे जमीन पर उतारने की जिम्मेदारी चेतना मंच के जवान होते हुए कंधों के ऊपर है। अपने लाखों पाठकों के प्यार के बलबूते पर चेतना मंच को धरती पर स्वर्ग लाना ही चाहिए। सबको पता है कि स्वर्ग एक ऐसी कल्पना है जहां कोई दु:खी नहीं रहता। चारों तरफ सुख और सुविधाओं का ही साम्राज्य रहा है। चेतना मंच का प्रकाशन भी आम जनता की भलाई के लिए ही शुरू किया गया था। चेतना मंच लगातार जनता की आवाज उठाता रहा है। चेतना मंच के प्रकाशन के समय ही हमने आपसे व अपने आप से भी यह वादा किया था कि चेतना मंच जन आकांक्षाओं का सजग प्रहरी बना रहेगा और सच को सामने लाने की हर संभव कोशिश करेगा। आज मैं गर्व से यह कह सकता हूं कि चेतना मंच ने इन 26 वर्षों में हालातों से घबराकर समझौते नहीं किये बल्कि हमेशा सच को सामने लाने के लिए निष्पक्ष पत्रकारिता की मिसाल कायम की है और कभी भी किसी खेमेबाजी में शामिल नहीं हुए। समय के साथ जहां संबंधों की परिभाषा बदल जाती है, रिश्तों की चमक फीकी पड़ जाती है, सब कुछ धुंधला (फेड) हो जाता है रस रंग हीन हो जाता है। वहीं चेतना मंच का अपने पाठकों के साथ रिश्ता न सिर्फ मजबूत हुआ है बल्कि इसका लगातार विस्तार हो रहा है। आप पाठकों की बढ़ती संख्या और चेतना मंच को दिया गया प्यार दुलार मुझे आश्वस्त करता है कि जो राह हमने चुनी थी वह सही थी। हम लगातार अनेक झंझावातों को झेलते हुए भी उसी राह पर आगे बढ़े हैं। इन 26 वर्षों की यात्रा में हमारे कदम कभी डगमगाए हों या ऊबड़-खाबड़ पथरीली राहों में लहूलुहान हुए हों, परंतु हम कभी भी अपने संकल्प से डिगे नहीं हैं। आप पाठकों के प्यार व विश्वास तथा सत्य के प्रति हमारी निष्ठा एवं आस्था ने हमें निरंतर संघर्ष की ऊर्जा प्रदान की है। हमारे संघर्ष ने न केवल हमें तराशा है बल्कि अनेकानेक उपलब्धियों एवं सफलताओं से भी नवाजा है। हमने भ्रष्टाचारियों एवं माफियाओं के खिलाफ अपनी लड़ाइयों को मुकाम तक पहुंचाया है और उन्हें उनके कृत्यों की सजा भी दिलाई है। किंतु शायद यही समय की सबसे बड़ी विसंगति है या फिर नियति कि कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और मंजिल तक पहुंचने के लिए सर्वस्व न्यौछावर करना पड़ता है। इस अवधि में समाचार-पत्र के नियमित प्रकाशन हेतु अनेक कठिनाइयां झेली हैं। कर्ज भी लिए हैं और विपरीत परिस्थितियों में स्वार्थी सहयोगियों को साथ छोड़कर जाते हुए भी देखा है, पर कठिन परिस्थितियों में भी हम अविचल रहकर अपने रास्ते के कांटे साफ करते हुए चलते रहे हैं और चलते रहेंगे। चेतना मंच के जवान होने पर हमारा वायदा और मजबूत हुआ है। हमारा प्रयास है कि भारत की पवित्र भूमि पर स्वर्ग जैसा वातावरण बने। यहां कोई भी दु:खी ना रहे। इसी सोच के साथ कहता हूं कि-



**आर.पी. रघुवंशी**
चेतना मंच-सम्पादक

*तू जवान है तो जीत पर यकीन कर,*
*अगर कहीं है स्वर्ग तो उतार ला जमीन पर।*
*ये गम के चार दिन, सितम के और चार दिन,*
*ये दिन भी जाएंगे गुजर, गुजर गए हजार दिन।।*

## जयपुर अग्निकांड :

# हादसे में जले शवों का होगा डीएनए टेस्ट!





**जयपुर ( एजेंसी )।** जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुए भीषण अग्निकांड में मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। घटना में अब तक 14 लोगों की जान जा चुकी है और 35 घायल बताए जा रहे हैं। इनमें से 28 लोग 80 फीसद तक जल चुके हैं। कई लोग वेंटिलेटर स्पोर्ट पर हैं। दरअसल, भांकरोटा अजमेर रोड बीते दिन एलपीजी टैंकर में हुए ब्लास्ट से कई मीटर दूर वाहन इसकी चपेट में आ गए। हादसा इतना भयंकर था कि कई लोगों के शव पहचाने भी नहीं जा रहे। डीसीपी पश्चिम जयपुर अमित कुमार ने यह जानकारी दी।

कई शवों की पहचान नहीं हो पाने के कारण सरकार ने अब उनके डीएनए टेस्ट कराने का फैसला किया है। मृतकों के डीएनए सैंपल जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल जांच के लिए भेजे गए हैं। बता दें कि शुक्रवार को सुबह 6 बजे के करीब एलपीजी गैस से भरा टैंकर एक ट्रक से टकरा गया। टैंकर जब यू टर्न ले रहा था, तभी उसकी टक्कर ट्रक सी हुई जिससे भयंकर विस्फोट हुआ। ब्लास्ट का असर डेढ़ किमी क्षेत्र तक हुआ। घटना के पास से गुजर रहे 40 वाहन इसकी चपेट में आ गए, जिससे 14 लोगों की मौत हो गई।

# कल सुबह छह बजे से चलेगी नमो भारत ट्रेन

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** नमो भारत ट्रेन रविवार को सुबह छह बजे से चलेगी। इसे निर्धारित समय सुबह आठ बजे से दो घंटे पहले चलाया जाएगा। एनसीटीआरसी ने यूपीएससी के परीक्षार्थियों के लिए यह सुविधा दी है। रविवार को परीक्षा होनी है। एनसीआरटीसी के सीपीआरओ पुनीत वत्स ने बताया कि लोकसेवा आयोग की परीक्षा को देखते हुए ट्रेनें सभी स्टेशनों से छह बजे से संचालित होंगी। गाजियाबाद में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।







KAMAKHYA
CROSSWALK
RERA NO
UPRERAPRJ547975/08/2024
www.uprera.in
www.kamakhyadevelopers.com
Tel. No.:- 0120-4546079 Toll Free No - 18005706667
Corporate Office Address:- C-59, Ground Floor, Sector-63, Noida, U.P.- 201301
Site Address:- Plot No - LS-1, Sector-P-4, Greater Noida Gautam Buddha Nagar, U.P.

# मेघदूतम पार्क में टूटी हुई थी ट्रैक की टाइल्स

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के हॉर्टिकल्चर विभाग के अधिकारी मदन पाल और उनकी टीम द्वारा मेघदूतम पार्क सेक्टर-50 और चिल्ड्रन पार्क सेक्टर 51 और डी ब्लॉक पार्क सेक्टर-51 का सर्वे किया गया।

सर्वे के दौरान पार्क में मिली खामियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

मेघदूतम पार्क सेक्टर-50 नोएडा में ट्रैक के टूटे हुए पत्थर और साइड से निकली हुई टाईलो का सर्वे किया गया आए दिन कंप्लेंट आ रही थी कि पार्क में घूमने वाले बुजुर्ग व्यक्ति और महिलाएं ठोकर लगकर गिर रहे हैं। मेघदूतम पार्क में सुरक्षा कर्मियों के लिए सिक्योरिटी हट बनवाने की जगह भी चिन्हित की गई।

चिल्ड्रन पार्क सेक्टर-51 के टॉयलेट के दरवाजे टूटे हुए हैं और दीवारों का प्लास्टर झाड़कर निकल रहा है। नोएडा प्राधिकरण हॉर्टिकल्चर विभाग से असिस्टेंट मैनेजर मदनपाल ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इन सभी समस्याओं को दूर करवाया जाएगा।



# पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता पर हो निस्तारण: जिलाधिकारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद के पूर्व सैनिकों की




समस्याओं का निस्तारण कराने एवं शासन द्वारा सैनिकों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सैनिकों की समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व सैनिकों के सम्मुख आ रही समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पूर्व सैनिकों ने जिलाधिकारी को भूमि विकास, ग्राम की सड़कों की मरम्मत, जलभराव की समस्या, पुलिस, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार, स्वास्थ सेवाओं सम्बन्धी समस्या तथा अन्य समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पूर्व सैनिकों की आज जो समस्या प्राप्त हुयी है, उनका निस्तारण समयबद्धता के आधार पर करते हुये रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।


जिलाधिकारी ने इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सैनिकों के हितार्थ जो जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है, उनका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करते हुए पात्र सैनिकों तक शत प्रतिशत लाभ पहुंचाने की कार्रवाई करें, ताकि जनपद का कोई भी पात्र सैनिक योजनाओं के लाभ से वंचित ना रहे। जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी से कहा कि बैठक में आज जो अधिकारीगण अनुपस्थित रहे उनका एक दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई कराते हुए उनसे स्पष्टीकरण लिया जाए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतम बुद्ध नगर कर्नल कपिल कत्याल(अ0प्रा0) व सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं पूर्व सैनिक कल्याण समिति के पदाधिकारियों व पूर्व सैनिकों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।




























TSUS
The Shri Ram Universal School
CBSE-AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO - 2134175)
Igniting Curiosity, Nurturing Creativity
Greater Noida (West)
"If a child can't learn the way we teach, maybe we should teach the way they learn."
-Ignacio Estrada
Composite Lab
Robotics Lab
Basketball
Football
Skating
The Shri Ram Universal School
I ❤ TSUS
ADMISSIONS
OPEN 2025-26
NURSERY TO IX
The Shri Ram Universal School
Igniting Curiosity, Nurturing Creativity
THE SHRI LEGACY IS NOW IN GREATER NOIDA (WEST)
09+ STATES
50+ SCHOOLS
20+ CITIES
20000+ STUDENTS
2000+ TEACHERS
BEST EMERGING SCHOOL- RANKED BY - CFORE SCHOOL RANKING 2024
2nd UTTAR PRADESH
4th INDIA
2nd GREATER NOIDA
Admissions Open 9015 600 300
HS-03, Tech Zone-IV, Greater Noida (West), Uttar Pradesh-201306
admissions@tsusnoida.edu.in www.tsusnoida.edu.in
THE SHRI EDUCARE LEGACY
Sir Shri Ram, Founder, The Shri Ram Group
Carrying forth the legacy of its Group, Founder Sir Shri Ram, was instrumental in setting up premium educational institutions such as the Shri Ram College of Commerce & Lady Shri Ram College for Women.
Shri Ram College of Commerce (SRCC)
Established in 1926, SRCC is ranked 1st amongst Commerce Colleges in India for more than 12 years, running.
Lady Shri Ram College for Women (LSR)
Established in 1956, LSR has been ranked amongst top 3 liberal Arts Colleges in India, for the last 10 years.
Manju Bharat Ram
Awarded Padma Shri Posthumously
The Shri Ram Schools, established in 1988, are manifestations of the vision and passion of Smt. Manju Bharat Ram. The Shri Ram Schools have been featured amongst the Best Day Schools since 2008 in India.
The Shri Ram Schools Established in 1988
The Shri Ram Schools, follow the principle of promoting individuality through value-based education which promotes a global outlook yet retains intrinsic Indian cultural traditions.
Shri Educare Limited (SEL)
SHRI EDUCARE
Established in 2008, Shri Educare Limited (SEL) aims to combine the pedagogical strengths of The Shri Ram Schools and the internal IT strength to support and develop quality educational establishments in the K12 sector in India and abroad.
The Shri Ram Universal School (TSUS)
Greater Noida (West)
Established in 2023 under the aegis of Vedant Educational Trust, TSUS in collaboration with SEL is modelled on the patterns of The Shri Ram Schools, Delhi. The school nurtures a vibrant, innovative and caring environment, committed to all round excellence in education.
Under the aegis of Shri Educare Limited
Schools in : Gurugram | Malé(Maldives) | Noida| Faridabad | New Delhi | Pune | Hyderabad | Rohtak | Palava | Jammu | Hisar | Ludhiana | Dehradun | Ghaziabad | Siliguri | Chennai | Greater Noida West | Bangalore | Badlapur
Coming up in : Kolkata | Gandhidham | Bharuch | Nagpur

# सेक्टर-11 के वेंडर जोन में पहुंचे प्राधिकरण के अफसर



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा अथॉरिटी के अधिसारी व आरडब्ल्यूउ के अध्यक्ष अनुज गुप्ता व महासचिव दिनेश कृष्णान के साथ अन्य पदाधिकारी व निवासियों ने सेक्टर-11 एस ब्लॉक के सामने मदर डेयरी के पीछे बनने वाले वेंडर जोन क्षेत्र का दौरा किया।

नोएडा अथॉरिटी के ऑफिसर्स को वेंडर जोन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बताया गया। मुख्य रूप से यातायात जाम तथा पास में बह रहे खुले नाले के कारण वेंडर जोन में बनने वाले खाद्य सामग्री पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में चर्चा हुई। अथॉरिटी की तरफ से आए ऑफिसर्स ने आरडब्लयूए के पदाधिकारियों द्वारा व्यक्त की गई चिंता पर गंभीरतापूर्वक विचार करने तथा कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी अल्पेश गर्ग भी मौजूद रहे तथा आरडब्लयूए के पदाधिकारीयों की चिंता से सहमति जताई ।आशा करते हैं की यहां बनने वाला वेंडर जोन का कार्य रोक दिया जाएगा।
































# देश का तीसरा सबसे प्रदूषित शहर रहा गाजियाबाद

**साहिबाबाद।** जनपद की हवा एक बार फिर लोगों का दम घोंट रही है। बृहस्पतिवार को गाजियाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 386 बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इसके साथ ही लगातार दूसरे दिन जनपद देश के सबसे प्रदूषित शहरों में तीसरे स्थान पर बना रहा। वहीं इंदिरापुरम एवं लोनी का एक्यूआई गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। तापमान गिरने के साथ ही लगातार हवा की सेहत बिगड़ रही है। हवा में पल-पल जहर घुल रहा है। धूल एवं धुएं के कण मानक से कई गुणा अधिक पाए जा रहे हैं। पीसीबी के आंकड़ों में गाजियाबाद लगातार चार दिन से शीर्ष पांच प्रदूषित शहरों में शामिल रहा है। एक सप्ताह से इंदिरापुरम की हवा चिंताजनक बनी हुई है लेकिन सुधार के लिए कोई भी कदम नहीं उठाए गए हैं। फेडरेशन ऑफ एओए के अध्यक्ष दीपक कुमार का कहना है कि जीडीए या नगर निगम की ओर से इंदिरापुरम में पानी का छिड़काव नहीं हो रहा है। कई जगह कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है लेकिन अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




















# सोशल मीडिया पर फ्लैगिंग के नए चलन से रिश्तों में आती दरार

***देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुडें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है।***

आपसी संबंधों में दरार का नया कारण सोशल मीडिया का नया चलन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ समय से फ्लैगिंग का नया ट्रैंड चल पड़ा है। पहली बात तो यह कि लोगों का सोशल मीडिया पर रुझान तेजी से बढ़ा है और कोढ़ में खाज यह कि सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी तेजी से चल पड़ा है। मजे की बात यह कि सोशल मीडिया पर रिएक्शन नहीं आना भी डिप्रेशन का कारण बन रहा है तो सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का रिएक्शन भी तनाव का कारण बनती जा रही है। इन दिनों फ्लैगिंग का नया दौर चल पड़ा है पर इसमें भी अधिक तो यह कि बेज फ्लैगिंग का नया ट्रेंड साथी को अधिक प्रताड़ित करने लगा है। प्रताड़ना का मतलब तनाव का प्रमुख कारण होने से हैं।

देखा जाए तो सोशल मीडिया पर पिछले साल सवा साल से चल रहे ट्रेंड से आपसी संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा हैं वहीं सोशल मीडिया से जुड़ें लोगों में नकारात्मकता और डिप्रेशन का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। नए ट्रेंड को भले ही सोशल मीडिया के उपयोगकर्ता गंभीरता से नहीं ले रहे हो पर जिस किसी पर नए ट्रेंड के अनुसार फ्लैगिंग के माध्यम से कमेंट्स किये जा रहे हैं उसका असर अंदर तक पहुच रहा है। दर असल पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया में इशारों-इशारों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करने का नया चलन तेजी से चला है। एक और जहां इमोजी का प्रयोग आम है तो फ्लैगिंग का नया चलन उससे भी अधिक गंभीर है। सोशल मीडिया पर इन दिनों बेज फ्लैग का चलन कुछ ज्यादा ही चला है। बेज फ्लैग का सीधा सीधा मतलब यह निकाला जा रहा है कि इस तरह का व्यवहार जो ना तो अच्छा है और ना ही बुरा, लेकिन इस तरह की प्रतिक्रिया संबंधित को सोचने को मजबूर कर देती है। खासतौर से इसका चलन आपसी रिश्तों को लेकर किया जा रहा हैं और इससे संबंधित में एक तरह की हीन भावना आती है और उसका




दुष्परिणाम हम सब जानते ही हैं। इससे पहले साथियों को रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग का लेबल दिया जाता रहा है। हांलाकि यह भी नकारात्मक ही है। रेड फ्लैग जहां समस्या से ग्रसित व्यवहार को दर्शाता है तो ग्रीन फ्लैग को अच्छे व्यवहार के रुप में देखा जाता रहा है। यानी कि आप अपने साथी को लेबल दे रहे हैं और वह लेबल ही साथी का आपके प्रति और आपका साथी के प्रति व्यवहार को दर्शाता है।

दरअसल बेज फ्लैग जैसे रिमार्क से रिश्तों में कड़वाहट आती ही आती है। शिकागो की चिकित्सक मिशेल हर्जोंग तो चेतावनी देते हुए कहती है कि ऐसे लेबलिंग से रिश्तों में खटास तय ही हैं। बेज फ्लैग जैसे लेबल जहां कोई समस्या नहीं हैं वहां भी संभावित समस्या पैदा कर देते हैं। हालाकि यह नए नए ट्रेंड सोशल मीडिया पर अपने फालोअर्स बढ़ाने और इंफ्लूएसर मार्केटिंग के किये जाते हैं पर इनका असर काफी गहरा देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर साइबर बूलिंग आम होती जा रही है। साइबर बूलिंग में डराने धमकाने के मैसेजों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से टार्चर किया जाता है। संबंधित व्यक्ति अपने आत्म सम्मान पर ठेस समझता है और इसके कारण अत्यधिक सेंसेटिव व्यक्ति तो तनाव में चला जाता है। इससे उसकी दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित होने लगती है। देखा जाए तो सोशल मीडिया आपसी जुड़ाव का माध्यम होना चाहिए पर जिस तरह का ट्रेंड चल रहा है वह जुड़ाव के स्थान पर विलगाव का अधिक कारण बन रहा है। जाने अनजाने में सामने वाले को गहरी ठेस लगती है।

भले ही हमारी प्रतिक्रिया मजाक में हो रही हो पर सोशल मीडिया पर हमारी प्रतिक्रिया पर प्रतिक्रियाओं का सिलसिला किस दिशा और हद तक चल निकले इसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए हमें सामने वाले की भावनाओं का भी ध्यान रखना होगा। अन्यथा और कुछ नहीं तो संबंधों में अलगाव तो तय ही है।

ऐसे में सोशल मीडिया को हमें सकारात्मक दिशा में ले जाना होगा। अनपेक्षित प्रतिक्रियाओं से बचना होगा। सोशल मीडिया दरअसल समय काटने या दूसरे को बुली करने का माध्यम नहीं है और ना ही होना चाहिए। बल्कि होना तो यह चाहिए कि सोशल मीडिया के माध्यम से सकारात्मकता का विस्तार और मोटिवेशन का माध्यम बनना चाहिए ताकि सामाजिक सरोकारों को मजबूती प्रदान की जा सके। इस भाग-दौड़, ईर्ष्या व प्रतिस्पर्धा की जिंदगी में लोगों को निराशा व तनाव से बाहर लाया जा सके। हमारी प्रतिक्रिया किसी को मोटिवेट करने का माध्यम बने तभी प्रतिक्रिया की सार्थकता है। ऐसे में सोशल मीडिया में नित नए प्रयोग करते समय कुछ अधिक ही गंभीर होना होगा। खासतौर से समाज विज्ञानियों और मनोविश्लेषकों को गंभीरता से ध्यान देना ही होगा।

**- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**




























आप सभी क्षेत्रवासियों को
चेतना मंच के
26वें स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
B.J.P.
B.J.P.
डॉ महेश शर्मा
सांसद, गौतमबुद्धनगर लोकसभा,
पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं त्रिपुरा राज्य प्रभारी
तेजपाल सिंह नागर
विधायक (दादरी विधानसभा)
भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर



योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश



नन्द कुमार गुप्ता 'नन्दी'
केबिनेट मंत्री,
औद्योगिक विकास,
उत्तर प्रदेश



जसवंत सैनी
राज्य मंत्री,
औद्योगिक विकास,
उत्तर प्रदेश

# दृढ संकल्प के साथ
# नौएडा अब समृद्धि के नए शिखर पर

## यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी

के कुशल मार्गदर्शन में नौएडा नयी उपलब्धियों के साथ चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर




## विशेष उपलब्धियां

- स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान Best Self Sustainable City का अवार्ड प्राप्त हुआ।
- WORLD WATER AWARD 2023–24 हेतु 2 श्रेणियों में Best STP-Govt एवं water Reuse project of the year Govt हेतु विजेता।
- वर्तमान में नौएडा ODF++ तथा 5 Star garbage free city सर्टिफिकेट प्राप्त है।

### वाटर ए0 टी0 एम0–

- स्वच्छ पेयजल हेतु सी0एस0आर0 फंड के अन्तर्गत 04 नग नवनिूमित वाटर ए0टी0एम0 स्थापित हुए (सेक्टर 37, मोरना बस स्टैण्ड, सैक्टर–35, ग्राम चौड़ा सैक्टर–12 एवं सैक्टर–64 नौएडा)।
- इस सुविधा द्वारा आम जनमानस को प्रतिदिन (प्रातः 7 बजे से 12 बजे तक एवं संध्या 5 बजे से 8 बजे तक) स्वच्छ शीतल पेयजल आपूत निःशुल्क प्रदान की जा रही है।

### कम्यूनिटी किचन–

- नौएडा प्राधिकरण द्वारा इस्कक्षन टैम्पल सोसाइटी के माध्यम से सैक्टर–49 लेबर चौक पर प्रतिदिन (प्रातः 08:30 बजे से 11:00 बजे तक) लगभग 500 श्रमिकों को भोजन वितरण किया जा रहा है।

### वित्तीय उपलब्धियां–

- विगत वित्तीय वर्ष में नौएडा में आय एवं व्यय दोनों निर्धारित लक्ष्य से अधिक रही जो कि पिछले 10–12 वित्तीय वर्षों में सर्वाधिक है।

### आवंटन तथा निवेश की स्थिति–

- प्राधिकरण द्वारा प्रथम बार औद्योगिक परिसंपत्तियों के आवंटन हेतु ई–ऑक्शन प्रक्रिया का सफल क्रियान्वयन।
- ई–ऑक्शन से औद्योगिक परिसंपत्ति के रिजर्व प्राइस के सापेक्ष औसतन लगभग 80 प्रतिशत अधिक तथा आवासीय भूखण्ड परिसंपत्ति हेतु लगभग 30 प्रतिशत अधिक की राजस्व प्राप्ति हुई।
- विगत वित्तीय वर्ष में विभिन्न प्रकार के कुल 349 भूखण्ड आवंटित किये गये (11 औद्योगिक भूखण्ड, 01 ग्रुपहाऊसिंग भूखण्ड, 10 वाणिज्यिक भूखण्ड, 370 आवासीय भूखण्ड), जिसके माध्यम से ₹ 4345.31 करोड़ के निवेश तथा लगभग 12161 रोजगार सृजन अनुमानित है।
- जन सामान्य की सुविधाओं के दृष्टिगत नौएडा प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत अवस्थापना के क्षेत्र में अप्रैल 2017 के उपरान्त विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर ₹ 2943 करोड़ की परियोजनाएं जनता को समर्पित।

### वर्ष 2024–25 में पूर्ण/प्रगतिरत/प्रस्तावित परियोजनाएं–

- **पूर्ण परियोजनाएं–** मुख्य नाले में सैक्टर–50 के समीप इन–सीटू–कंस्ट्रक्टेड वेटलैण्ड का निर्माण, बहलोलपुर अण्डरपास, एक्सप्रेस–वे के चैनेज 19.400 कि0मी0 पर कोण्डली अण्डरपास, एक्सप्रेस–वे के चैनेज 2.36 किमी0 पर (सैक्टर–96 व 126 के मध्य अण्डरपास), पार्थला सेतु, कालंदी कुंज के निकट प्रवेश द्वार का निर्माण एक्सप्रेसवे रिसर्फेसिंग का कार्य, नागरिक एवं सड़क सुरक्षा एच.टी.एम.एस. परियोजनाएं सम्मिलित है।
- **प्रगतिरत परियोजनाएं–** गोल्फ कोर्स, सैक्टर–151ए, सैक्टर– 146 एवं 147 के समीप हिण्डन नदी पर निर्मित पुल के पहुँच मार्ग का निर्माण।
- **प्रस्तावित परियोजनाएं–** एन.एम.आर.सी. मैट्रो एक्वा लाईन एक्सटेंशन, हैलिपोर्ट, सैक्टर–151ए, सैक्टर–94 में वेस्ट मटेरियल थीम पार्क, सैक्टर–123 में स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स का निर्माण तथा चिल्ला रेगुलेटर से महामाया फ्लाई ओवर तक शाहदरा ड्रेन के समानांतर एलिवेटेड रोड का निर्माण।

### जल आपूर्ति का कार्य–

- नौएडा क्षेत्र में प्रतिदिन 406 MLD जल की माँग के सापेक्ष 450 MLD जल आपूर्तित जिसमें 240 MLD गंगाजल सम्मिलित है।

### तकनीकी/Digitization के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्य–

- जल बिलों के ऑनलाइन भुगतान हेतु वेबसाइट एवं मोबाइल ऐप।
- सभी परिसम्पत्ति सेवाएं ऑनलाइन।
- परिसम्पत्ति विभागों की 67 सेवाएं प्रदेश सरकार के निवेश मित्र पॉटल से इंटीग्रेटेड।
- स्वच्छता संबंधी कार्यो की नियमित निगरानी हेतु एकीकृत नियंत्रण और कमांड केंद्र (ICCC) की स्थापना मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, डोर टू डोर वेस्ट कलेक्शन डंपिंग ग्राउंड तक जाने वाले वाहनों की निगरानी, सी एंड डी मलबे के निस्तारण, Legacy waste के बायो रेमेडिएशन, Face App के माध्यम से कर्मियों की उपस्थिति तथा गीला एवं सूखा कूड़ा के पृथक्कीकरण की मॉनिटरिंग की जाती है।
- अधिभोग प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया ऑनलाइन।
- मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया ऑनलाइन।

नौएडा
एक उत्कर्ष छेत्र

## नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर–6, नौएडा, वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा



योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

# यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी के कुशल नेतृत्व में



नन्द कुमार गुप्ता 'नन्दी'
कैबिनेट मंत्री,
औद्योगिक विकास,
उत्तर प्रदेश



जसवंत सैनी
राज्य मंत्री,
औद्योगिक विकास,
उत्तर प्रदेश

## विकास की दिशा में नौएडा के बढ़ते हुए कदम




## नौएडा की खास योजनाएं

**नौएडा प्राधिकरण ने वर्ष 2024 में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं जो नौएडा के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने में मदद करेंगी और नागरिकों को इसका अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाएंगी। साल 2024 में नौएडा प्राधिकरण द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण कदम :-**

- सैक्टर 54 में वेटलैंड पार्क का निर्माण किया गया जो पर्यावरण और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक अद्भुत स्थल है।
- ब्रह्मपुत्र मार्केट और महामाया फ्लाईओवर में डेकोरेटिव लाइट्स और फाउंटेन लगाए गए जो शहर की सुंदरता को बढ़ाते हैं।
- सैक्टर 164 में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास किया गया जो क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा।
- सैक्टर 51 में आईकेईए रिटेल, शॉपिंग सेंटर, ऑफिस स्पेसेज और होटल का शिलान्यास किया गया जो युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।
- 'नो थू थू' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान 2024 के तहत कार्रवाई की गई।
- क्षेत्र वासियों के लिए वन-टाइम सेटलमेंट योजना लागू की गई जो नागरिकों को आवास प्रदान करने में कारगर साबित हुआ।
- अवैध भूमि अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की गई जो शहर की सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देगी।
- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 का आयोजन किया गया जो व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुआ।
- ठंडी और गर्मी के मौसम में उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ शेल्टर होम्स की शुरुआत हुई जिससे असहाय लोगों की सहायता की जा सके।
- भजन संध्या के गूंजते मधुर भजनों के साथ नागरिकों को भावविभोर किया।
- विभिन्न प्रतियोगिताओं ने छात्रों के मनोबल को बढ़ाया।
- पतंग उत्सव, दीप उत्सव एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से नागरिकों को जोड़ा गया।

**तो आइए, मिलकर आने वाले साल 2025 का स्वागत करें,**
**नई उपलब्धियों व निरंतर विकास की ओर बढ़ता नौएडा प्राधिकरण!**

नौएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

आप सभी क्षेत्रवासियों को

चेतना मंच के

# 26वें स्थापना दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

## APEX ENTERPRISES

## NANDINI ENTERPRISES

Proprietor

**Praneet Bhati**

Proprietor

**Niketa Bhati**

डी-35, ओमेक्स इंडिया ट्रेड सेंटर, अल्फा-2, ग्रेटर नोएडा



सभी क्षेत्रवासियों को
चेतना मंच
के
26वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहित बेनीवाल
प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा
डॉ. महेश शर्मा
सांसद गौतमबुद्धनगर एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार
सतेन्द्र शिशोदिया
अध्यक्ष पश्चिमि उ.प्र. भाजपा
अमित चौधरी
अध्यक्ष जिला पंचायत, गौतमबुद्धनगर
निवेदक: भारतीय जनता पार्टी, गौतमबुद्धनगर

RERA NO. UPRERAPRJ945505

SATYAM
galleria™

POSSESSION
SOON



9911994998, 9355956666 LS-02, SECTOR-P4, GR. NOIDA

OUR BRAND PARTNERS

OPENING SHORTLY
JAWED HABIB
HAIR & BEAUTY
Hair · Beauty · Nail Extention
at 1st Floor

GEETANJALI STUDIO
HAIR · BEAUTY · MAKEUP
INDIA'S BEST HIGH STREET SALON CHAIN
COMING SOON

BALLOCH
WHERE LEGACY MEETS FLAVOUR

BTW
Hum Har Vaada Nibhate Hain

Nazeer FOODS

baskin robbins

ROLLS SINGH
Food that makes you happy

KINGS KULFI

HOUSE OF CANDY

Twenty 1 FOOD COURT

Wh-Eat BURGER

Belgian Waffle Co.

CHअलू
Aapna Desi Chinese

The Indian MOMO CO

ICE-CREAM LAB
" THE FRESHEST ICE CREAM YOU'LL EVER HAVE "

# ताकि भविष्य में भस्मासुर न बन जाए मीडिया!

लोकतांत्रिक देशों में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के क्रियाकलापों पर नजर रखने के लिये मीडिया को ''चौथे स्तंभ'' के रूप में जाना जाता है। 18वीं शताब्दी के बाद से, खासकर अमेरिकी स्वतंत्रता आंदोलन और

## मीडिया आज विनाशक एवं हितैषी दोनों भूमिकाओं में सामने आया है। अब समय आ गया है कि मीडिया अपनी शक्ति का सदुपयोग जनहित में करे

फ्राँसीसी क्रांति के समय से जनता तक पहुँचने और उसे जागरूक कर सक्षम बनाने में मीडिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया अगर सकारात्मक भूमिका अदा करें तो किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह और देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है।

वर्तमान समय में मीडिया की उपयोगिता, महत्त्व एवं भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। कोई भी समाज, सरकार, वर्ग, संस्था, समूह व्यक्ति मीडिया की उपेक्षा कर आगे नहीं बढ़ सकता। आज के जीवन में मीडिया एक अपरिहार्य आवश्यकता बन गया है। अगर हम देखें कि समाज किसे कहते हैं तो यह तथ्य सामने आता है कि लोगों की भीड़ या असंबंद्ध मनुष्य को हम समाज नहीं कह सकते हैं। समाज का अर्थ होता है संबंधों का परस्पर ताना-बाना, जिसमें विवेकवान और विचारशील मनुष्यों वाले समुदायों का अस्तित्व होता है।

मीडिया एक समग्र तंत्र है जिसमें प्रिंटिंग प्रेस, पत्रकार, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम, रेडियों, सिनेमा, इंटरनेट आदि सूचना के माध्यम सम्मिलित होते हैं। अगर समाज में मीडिया की भूमिका की बात करें तो इसका तात्पर्य यह हुआ कि समाज में मीडिया प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से क्या योगदान दे रहा है एवं उसके उत्तरदायित्वों के निर्वहन के दौरान समाज पर उसका क्या सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

प्रभाव पर गौर करने पर स्पष्ट होता है कि मीडिया की समाज में शक्ति, महत्ता एवं उपयोगिकता में वृद्धि से इसके सकारात्मक प्रभावों में काफी अभिवृद्धि हुई है लेकिन साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी उभर कर सामने आए हैं।

मीडिया ने जहाँ जनता को निर्भीकता पूर्वक जागरूक करने, भ्रष्टाचार को उजागर करने, सत्ता पर तार्किक नियंत्रण एवं जनहित कार्यों की अभिवृद्धि में योगदान दिया है, वहीं लालच, भय, द्वेष, स्पर्द्धा, दुर्भावना एवं राजनैतिक कुचक्र के जाल में फंसकर अपनी भूमिका को कलंकित भी किया है। व्यक्तिगत या संस्थागत निहित स्वार्थों के लिये यलो जर्नलिज्म को अपनाना, ब्लैकमेल द्वारा दूसरों का शोषण करना, चटपटी खबरों को तवज्जों देना और खबरों को तोड़-मरोड़कर पेश करना, दंगे भड़काने वाली खबरे प्रकाशित करना, घटनाओं एवं कथनों को द्विअर्थी रूप प्रदान करना, भय या लालच में सत्तारूढ़ दल की चापलूसी करना, अनावश्यक रूप से किसी की प्रशंसा और महिमामंडन करना और किसी दूसरे की आलोचना करना जैसे अनेक अनुचित कार्य आजकल मीडिया द्वारा किये जा रहे हैं। दुर्घटना एवं संवेदनशील मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करना, ईमानदारी, नैतिकता, कर्त्तव्यनिष्ठा और साहस से' संबंधित खबरों को नजरअंदाज करना आजकल मीडिया का एक सामान्य लक्षण हो गया है। मीडिया के इस व्यवहार से समाज में अव्यवस्था और असंतुलन की स्थिति पैदा होती है।

प्रिंट मीडिया और टी.वी. एवं सिनेमा के माध्यम से पश्चिमी संस्कृति का आगमन और प्रसार हो रहा है जिससे समाज में अनावश्यक फैशन, अश्लीलता, चोरी, गुंडागर्दी जैसी घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस पतन के कारण युवा पीढ़ी भी पतन के गर्त में धँसती जा रही है।

इंटरनेट के माध्यम से असामाजिक क्रियाकलाप युवाओं तक पहुंच रहे है जिससे उनमें नैतिकता, संस्कृति और सभ्यता की लगातार कमी आती जा रही है। इन सबको देखते हुए मीडिया की भूमिका पर चर्चा करना आज आवश्यक हो गया है।

मीडिया की भूमिका यथार्थ सूचना प्रदायक एजेंसी के रूप में होनी चाहिये। मीडिया द्वारा समाज को संपूर्ण विश्व में होने वाली घटनाओं की जानकारी मिलती है। इसलिये मीडिया का यह प्रयास होना चाहिये कि ये जानकारियाँ यथार्थपरक हो। सूचनाओं को तोड़-मरोड़कर या दूषित कर प्रस्तुत करने का प्रयास नहीं होना चाहिये। समाज के हित एवं जानकारी के लिये सूचनाओं को यथावत एवं विशुद्ध रूप में जनता के समक्ष पेश करना चाहिये। मीडिया का प्रस्तुतीकरण ऐसा होना चाहिये जो समाज का मार्गदर्शन कर सके। खबरों और घटनाओं का प्रस्तुतीकरण इस प्रकार हो जिससे जनता का मागदर्शन हो सके। उत्तम लेख, संपादकीय, ज्ञानवर्द्घक सूचनाएँ, श्रेष्ठ मनोरंजन आदि सामग्रियों का खबरों में समावेशन होना चाहिये तभी समाज को सही दिशा प्रदान की जा सकेगी।

मीडिया समाज को अनेक प्रकार से नेतृत्व प्रदान करता है। इससे समाज की विचारधारा प्रभावित होती है। मीडिया को प्रेरक की भूमिका में भी उपस्थित होना चाहिये जिससे समाज एवं सरकारों को प्रेरणा व मार्गदर्शन प्राप्त हो। मीडिया समाज के विभिन्न वर्गों के हितों का रक्षक भी होता है। वह समाज की नीति, परंपराओं, मान्यताओं तथा सभ्यता एवं संस्कृति के प्रहरी के रूप में भी भूमिका निभाता है। पूरे विश्व में घटित विभिन्न घटनाओं की जानकारी समाज के विभिन्न वर्गों को मीडिया के माध्यम से ही मिलती है। अत: उसे सूचनाएँ निष्पक्ष रूप से सही परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत करनी चाहिये।

मीडिया अपनी खबरों द्वारा समाज के असंतुलन एवं संतुलन में भी बड़ी भूमिका निभाता है।



मीडिया अपनी भूमिका द्वारा समाज में शांति, सौहार्द, समरसता और सौजन्य की भावना विकसित कर सकता है। सामाजिक तनाव, संघर्ष, मतभेद, युद्ध एवं दंगों के समय मीडिया को बहुत ही संयमित तरीके से कार्य करना चाहिये। राष्ट्र के प्रति भक्ति एवं एकता की भावना को उभरने में भी मीडिया की अहम भूमिका होती है। शहीदों के सम्मान में प्रेरक उत्साहवर्द्धक खबरों के प्रसारण में मीडिया को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिये। मीडिया विभिन्न सामाजिक कार्यों द्वारा समाज सेवक की भूमिका भी निभा सकता है। भूकंप, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक या मानवकृत आपदाओं के समय जनसहयोग उपलब्ध कराकर मानवता की बहुत बड़ी सेवा कर सकता है। मीडिया को सद्प्रवृत्तियों के अभिवर्द्धन हेतु भी आगे आना चाहिये।

मीडिया की बहुआयामी भूमिका को देखते हुए कहा जा सकता है कि मीडिया आज विनाशक एवं हितैषी दोनों भूमिकाओं में सामने आया है। अब समय आ गया है कि मीडिया अपनी शक्ति का सदुपयोग जनहित में करे और समाज का मागदर्शन करे ताकि वह भविष्य में भस्मासुर न बन सके।

- फीचर डेस्क


























# एमिटी विश्वविद्यालय में वर्ल्ड मेडिटेशन डे मनाया



**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों को विश्व के प्रथम वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर ध्यान के महत्व को बताने के लिए एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन और एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज द्वारा ध्यान कार्यक्रम सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की डीन डा कल्पना शर्मा सहित लगभग 400 छात्रों ने ध्यान किया। इस अवसर पर एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के डा उमेश कुमार और एमिटी स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के डा अश्विनी कुमार ने ध्यान करने के लाभों को बताया।

एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय देश में हमारे पूर्वजों ने ध्यान और योग के महत्व को समझा है और उसको अपनाया भी है। वर्तमान मे हम कई प्रकार के तनाव से गुजर रहे है और मेडिटेशन मन को शांत करने और तनाव कम करने में सहायक होता है। एमिटी मे हम योग और ध्यान के महत्व को समझते हुए छात्रों हेतु योग व मेडिटेशन कक्षाओं का आयोजन करते है। डा शुक्ला ने कहा कि आज विश्व हमारे ध्यान के मार्ग को अपना का उस पर चल रहा है और विश्व में कल 21 दिसंबर को वर्ल्ड मेडिटेशन डे का आयोजन किया जा रहा है जो विश्व को शांती व ध्यान की साधना करने में सहायता करेगा।

इस अवसर पर एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन के डा संजय सिंह भी उपस्थित थे।

# नोएडा से दिल्ली हवाई अड्डे की राह होगी आसान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना प्राधिकरण (यीडा) के प्रस्ताव पर दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की ओर से एरोसिटी से तुगलकाबाद तक निर्माणाधीन गोल्डन लाइन को कालिंदी कुंज तक बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है। डीएमआरसी ने करीब पांच किमी लंबी एलिवेटेड लाइन के लिए खर्च होने वाले 950 करोड़ रुपये का प्रस्ताव यमुना प्राधिकरण के समक्ष रखा है। गोल्डन लाइन के कालिंदी कुंज तक पहुंचने से बॉटनिकल गार्डन तक सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। यहां तक एक्वा लाइन के जुड़ने से उसकी सीधी कनेक्टिविटी गोल्डन और मजेंटा लाइन से हो जाएगी।

**गोल्डन लाइन को कालिंदी कुंज तक बढ़ाने की योजना**

अप्रैल 2025 से व्यावसायिक उड़ानों के लिए तैयार हो रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक यात्रियों की पहुंच आसान करने के लिए यीडा तमाम कवायद कर रहा है। यीडा की ओर से नोएडा एयरपोर्ट को आईजीआई एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए डीएमआरसी को पत्र लिखा गया था। जिस पर डीएमआरसी ने गोल्डन लाइन को तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। गोल्डन लाइन और मजेंटा लाइन के कालिंदी कुंज पर जुड़ने से बॉटनिकल गॉर्डन तक कनेक्टिविटी हो जाएगी।


















## पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या : SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T15 Date - 18.12.2024,**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते है।

कार्य का नाम : इज्जतनगर मण्डल में ब्रम्हावर्त, कन्नौज, फर्रूखाबाद, कासगंज एवं मेण्डू डिपो के विभिन्न खण्डों में 105 वर्ग मि.मि. आइसोलेटर बड़े जम्पर तार को 160 वर्ग मि.मि. कॉपर बड़े जम्पर तार से बदलना एवं कुछ आइसोलेटर्स को स्थानांतरित करने से संबंधित कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T15, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: 91,05,242.40, अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी : 1,82,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में : 00, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 13.01.2025, 11:00, कार्य पुरा करने की अवधि : 6 माह।

- खुली ई–निविदा दिनांक 13.01.2025 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी/ पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर**

मुजाधि/विद्युत – 199

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



















# गृहमंत्री की बर्खास्तगी को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्धनगर के कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के खिलाफ संसद में की गई अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट सूरजपुर पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह वाल्मीकि ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जमाने से ही इनकी मानसिकता दलित विरोधी रही है और यही आज इनकी सोच भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और नेता में दिखाई देती है जिसकी बानगी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा के अपने भाषण में दिखाई है। हम कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता किसी भी हाल में संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान सहन नहीं करेंगे चाहे इसके लिए हमें कितनी बड़ी कुर्बानी क्यों ना देनी पड़े हम जेल जाने से नहीं डरते हैं और ना किसी भी प्रकार के दमन के सामने हम झुकेंगे। जिला उपाध्यक्ष निशा शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग्रह मंत्री अमित शाह के गैर जिम्मेदाराना बयान को लेकर संज्ञान लेना चाहिए और उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल से तुरंत बर्खास्त करना चाहिए।

प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष रिजवान चौधरी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला चैयरमैन महाराज सिंह नागर, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, महिला कांग्रेस जिला प्रमुख राधा रानी, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी व जिला संगठन प्रभारी महासचिव मुकेश शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

प्रदर्शन के दौरान धर्म सिंह बाल्मीकि, महाराज सिंह नागर, दिनेश शर्मा, जितेंद्र चौधरी, निशा शर्मा, रिजवान चौधरी, ललित अवाना, मुकेश शर्मा, पवन शर्मा, उर्मिला चौधरी, बिन्नू नेताजी, कैलाश बंसल, सतपाल फौजी, गौतम सिंह, कैलाश बंसल, कल्पना सिंह, कपिल भाटी, धर्मेंद्र भाटी, किशन शर्मा, सचिन शर्मा, रघुराज शर्मा, अशोक पंडित, प्रदीप नागर, गौरव नागर, डॉ0 रतनलाल, बिन्नू नेता जी, सचिन भाटी, लोकेश भाटी, अमित जाटव, मांगेराम जाटव, रघुवीर हवलदार, धीरा सिंह, रमेश प्रधान सैनी, मुन्ना लाल जी, चरणदास थापखेड़ा, दुर्गेश सिंह, राजवीर सिंह, सुमन लता बेनीवाल, गुड़िया, अमित जाटव, सुरेंद्र जिनवाल, राजेंद्र बेनीवाल, मदन सिंह, सचिन भाटी, जितेन्द्र शर्मा, रोहित बेनीवाल, सुभाष पहलवान, रमेश भाई, कुंवरपाल, आदेश कुमार, आर0के0 प्रथम, कर्मवीर भाटी, सीमा रानी, वीरेंद्र सिंह हवलदार, दयानंद भाटी, रामकुमार शर्मा, राजदीप कसाना आदि लोग मौजूद रहे।




# छात्रों के लिए आज रोजगार मेला

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा गौतमबुद्धनगर के प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी यज्ञ देव सिंह ने बताया कि प्रदेश के समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण तथा हाई स्कूल, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 21 दिसंबर 2024 को राजकीय आईटीआई सेक्टर 31 निठारी नोएडा गौतमबुद्धनगर में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर की नामी-गिरामी कंपनियां उपलब्ध रहेंगी। इस मेले में प्रदेश के समस्त राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण तथा हाई स्कूल, इंटरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अभ्यर्थी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रोजगार प्राप्त करने के सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

































श्रीमती आनंदीबेन पटेल
महामहिम राज्यपाल
उत्तर प्रदेश

# चेतना मंच के 26वें स्थापना दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं



# गोविन्द शर्मा (पिंकी पंडित)

## प्रान्तीय सहायक सचिव

## अपराध निरोधक समिति (लखनऊ)

# चेतना मंच के 26वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# कामधेनु ट्रस्ट



**डॉ. नरेश शर्मा**
संस्थापक-अध्यक्ष

**घायल, बीमार, असहाय गाय की सेवा हेतु 9911002200 पर सम्पर्क करें।**





# गोमाता की सेवा सर्वोपरि धर्म है

*गाय माता सनातन भारतीय संस्कृति की प्राण है। शास्त्र और साइंस दोनों यह प्रतिपादित करते हैं कि गाय भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था के जीवन.चक्र की केंद्र बिंदु है। वहीं साइंस के अनुसार गाय मनुष्य जीवन की आधार है। गो माता धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की दाता हैं । गो माता भगवान श्रीकृष्ण की भी आराध्य हैं और भवसागर से पार लगाने वाली साक्षात् देवी हैं इसलिए भगवान श्रीकृष्ण स्वयं गो सेवा का आदर्श प्रस्तुत कर गोपाल कहलाये।*


अतः मानव जाति के समस्त कल्याण के लिए गो माता की निम्न प्रकार से सेवा कर जीवन को कृतार्थ करें।

- प्रत्येक दिन पहली रोटी गाय को खिलाएँ अर्थात गो ग्रास निकालें।
- यह संकल्प करें कि भारतीय देसी गाय के दूधए दही, घी का ही प्रयोग करें।
- यदि संभव हो तो घर में गाय रखें या फिर किसी गऊशाला में गाय गोद लें और उसके रख-रखाव की जिम्मेदारी लें तथा गऊशाला जाएँ और वहाँ गो सेवा करें।
- गाय के धार्मिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और आर्थिक महत्वों का प्रचार-प्रसार करें।
- गोवंश रक्षार्थ राष्ट्रव्यापी जनांदोलन को सफल बनाने में मन, वचन, कर्म और तन-मनदूधन से सहयोग दें।
- गोपाष्टमी पर्व मनाएँ और गोमाता का दर्शन-पूजन करें और सर्वतीर्थमयी गोमाता की परिक्रमा करें तथा मधुर पकवान गुड़ या मीठी रोटी खिलाएँ और इस प्रकार सब प्रकार से गोमाता की सेवा करें।
- घायलए बीमार, असहाय गाय की सेवा जी जान से करें। यह सबसे बड़ा योग, यज्ञ, जप, तप, पूजा-पाठ तथा दान-पुण्य है। गायों से कभी द्वेष न करें। उन्हें सदा सुख पहुँचाएँ, उनका उचित सत्कार और पूजन करें।
- गौ मूत्र सर्वोत्तम स्वास्थ्य टॉनिक है। गौ मूत्र तथा पञ्चगव्य, दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबरद्ध से निर्मित औषधि एवं पदार्थों का प्रयोग कर स्वास्थ्य लाभ उठाएँ।
- रासायनिक खाद की जगह गोवंश के गोबर और मूत्र से निर्मित खाद व कीटनाशक का प्रयोग करें। गोमूत्र और गोबर के प्रयोग से पैदा अनाज का ही उपयोग करें
- गोमाता स्वयं में एक साक्षात देव मंदिर हैं। गोमाता की सेवा मात्र से समस्त देव गणों का आशीर्वाद उनकी प्रसन्नता एवं अनुकूलता प्राप्त होती है।
- गोसेवा, गोरक्षा, गोदान,ए गोपालन, गोसंवर्धन व गोपूजा प्रत्येक सनातनी भारतीय का अनिवार्य कर्तव्य है । अतः आप सभी अपने आस-पास अथवा शहर में गौशाला स्थापित करें तथा उसे मंदिर मानकर तन, मन, धन एवं हर विधि सहभागिता कर अपना जीवन  सार्थक करें।

-कामधेनु ट्रस्ट

E-mail ID- nareshcow@yahoo.com









चेतना मंच
के
26वें
स्थापना दिवस
के अवसर पर उत्कृष्ट एवं उत्तम पत्रकारिता
के लिए 'चेतना मंच' परिवार को
हार्दिक शुभकामनाएं



नीरज शर्मा
जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) गौतमबुद्धनगर